सार-समाचार

भूमि पूजन व शिलान्यास कार्यक्रम हुआ

जालोर, (कासं)। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत अनुमानित 832 लाख की राशि से निर्मित होने वाले जसवंतपुरा ब्लॉक में राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामसीन का भूमि पूजन व शिलान्यास कार्यक्रम रविवार को राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग के मुख्य आतिथ्य व सांसद लुम्बाराम चौधरी की अध्यक्षता में समारोहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे मं जानकारी देते हुए कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के निर्माण से रामसीन व आस-पास के निवासियों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में 8 चिकित्सक व 35 नर्सिंग स्टाफ की नियुक्ति होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार चिकित्सीय सुविधाओं के विकास के साथ जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को दिलवाने के लिए कृत संकल्पित है। सांसद लुम्बाराम चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि व प्रधानमंत्री जन -धन योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. भैराराम जाणी व सरपंच चन्द्रवीर सिंह ने आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने शिलान्यास पट्टिका का अनावरण भी किया। इस दौरान जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे, जसवंतपुरा उपखण्ड अधिकारी रामलाल मीना, जसवंतपुरा प्रधान विमला चौहान, जिला परिषद सदस्य सुकी देवी राजपुरोहित, पंचायत समिति सदस्य नीरू कंवर, सेवानिवृत आईएएस गंगासिंह परमार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. भैराराम जाणी, बीसीएमओ डॉ. प्रशान्त सैन सहित बड़ी संख्या आमजन मौजूद रहे।

भंवरू खान पठान ने कार्यकारिणी बनाई

जालोर, (कासं)। जालोर शहर में रविवार को राज. अधिकारी कर्मचारी मॉईनोरिटी एसोसिएशन जालोर की एक आम बैठक मोहम्मद रफीक शेख, प्रदेश सचिव एवं धन्नू खान मेहर की अध्यक्षता में रखी गई।जिला अध्यक्ष भंवरू खान पठान ने बताया कि बैठक में जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें जिला उपाध्यक्ष बरकत खान मेहर एवं तौकीर अहमद, महासचिव असलम शेख,सह महासचिव गुलाब खान कोषाध्यक्ष अफरोज खान मंडोरी, संगठन मंत्री शौकत अली खान, जिला प्रवक्ता धन्नू खान मेहर, जिला महामंत्री हिंदू खान मेंणु एवं जिला विधिक सलाहकार अदब अली एवं सायला ब्लॉक अध्यक्ष नवाब खान सांगाणा एवं जालोर ब्लॉक अध्यक्ष राजम अली को सर्व सम्मति से बनाया गया। बैठक में आरिफ खान खोखर, हिम्मत खान मेंहर, मंसूर अख्तर, मोहम्मद हुसैन, उमराव खान, शौकत अली खोखा आदि अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। पठान ने बताया कि अधिकारियों एवं कर्मचारियों के हितार्थ आवश्यक कार्य, शिक्षा जागरूकता अभियान, रोजगार के अवसरों की जानकारी एवं समाज कल्याण के लिए कार्य आदि पर चर्चा की गई।

अवैध गैस रिफलिंग, छापा मारा

जोधपुर, (कासं) । जोधपुर में अवैध गैस रिफलिंग का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसी को लेकर रसद विभाग की ओर से रविवार को माता का थान थाना क्षेत्र में कार्रवाई की गई। यहां पर हरिओम नगर में अवैध रिफलिंग को लेकर टीम ने कार्रवाई की। इस दौरान गैस रिफलिंग को लेकर गैस टंकियां और अवैध रिफलिंग में काम ली जाने वाली सामठी को जब्त किया गया। मौके पर प्रर्वतन निरीक्षक महिमा जैन के नेतृत्व में टीम की ओर से कार्रवाई की गई। बता दें कि पूर्व में भी माता का थान थाना क्षेत्र में सिलेंडर ब्लास्ट का मामला सामने आ चुका हैं। इसके बाद भी कई जगहों पर अवैध तरीके से गैस रिफलिंग का काम किया जा रहा है। प्रवर्तन निरीक्षक महिमा जैन के नेतृत्व में रसद विभाग की टीम पहुंची। प्रर्वतन निरीक्षक महिमा जैन ने बताया कि माता का थान थाना पुलिस की सूचना पर मौके पर पहुंचे। यहां पर घरेलू गैस के 17 और 4 व्यावसायिक सिलेंडर पाए गए। जिनसे अवैध रिफलिंग की जा रही थी। थाना अधिकारी भंवर सिंह ने बताया कि डीएसटी टीम ने सूचना दी थी। इस पर टीम के साथ मौके पर पहुंचे। यहां पर घरेलू गैस को कॉमर्सियल सिलेंडर में फिलिंग किया जा रहा था। इस पर कार्रवाई की गई।

12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को विदाई दी

जोधपुर, कासं) । पाल रोड रूप नगर स्थित न्यू मॉडर्न स्कूल में बारहवीं क्लास के छात्रों की फेयरवेल पार्टी के दौरान कक्षा बारहवीं और ग्यारहवीं के छात्रों ने एक दूसरे को शुभकामनाएं दी और खट्टी-मीठी यादों को शेयर किया। स्कूल के मीडिया प्रभारी सुधीर व्यास ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान बारहवीं के छात्रों ने सभी विषयों के अध्यापकों व प्रधानाचार्य का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान कई छात्रों ने मंच से अपने उस अनुभव को भी शेयर किया जो पढ़ने के दौरान इस स्कूल से उन्होंने ठाहण किया था। फेयरवेल पार्टी के दौरान रैम्प पर कैटवाक, डांस, स्पीच और अपनी अदाओं के जादू से छात्रों ने सबका खूब मनोरंजन किया। रैम्प पर कैटवॉक देख सबने खूब हूटिंग की। छात्रों के मनोरंजन के लिए कई सवाल पूछे गए तथा सही जवाब देने पर उनको पुरस्कृत किया गया। व्यास ने बताया कि कार्यक्रम में बारहवीं के छात्रों के चहरे पर कॉलेज में अध्ययन को लेकर खुशी तो दिखी लेकिन स्कूल से विदाई का दर्द वो छुपा नहीं सके तथा कुछ विद्यार्थी मायूस हो गए। इस दौरान स्कूल के अध्यापकों के साथ प्रधानाचार्य अजमाल खान भी मौजूद रहे। अंत में केएस जोधावत, आईएस राठौड़ और मधुरेश व्यास ने उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए पारितोषिक वितरण किया। मंच संचालन जयश्री सारस्वत, मोनू शेखावत मेम ने किया।

नौकरानी पर सोना-चांदी चुराने का आरोप

जोधपुर, (कासं) । जोधपुर के प्रताप नगर सदर थाने में एक महिला ने घर में काम करने के लिए रखी नौकरानी पर सोने चांदी की ज्वेलरी चुराने के आरोप लगाते हुए मामला दर्ज करवाया है। आरोप लगाया है कि उसे घरेलू काम करने के लिए रखा गया था। इसी बीच उसने घर से सोने और डायमंड के आभूषण चुरा लिए। फिलहाल पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी हुई है। थाने में दी रिपोर्ट में पुष्पा पत्नी पुरुषोत्तम सकरानी ने बताया कि वह प्राइवेट अध्यापिका है और वर्तमान में पांचवी रोड मंडप रेस्टोरेंट के पास फ्लैट में रहती है। उन्होंने अपने फ्लैट पर काम करने के लिए पूजा को रखा था। उसने घर से डायमंड की अंगूठी, ब्रेसलेट, बच्चों की अंगूठी और अन्य सामान चोरी कर लिया। इसका पता चलने पर उन्होंने थाने में रिपोर्ट दी। फिलहाल उप निरीक्षक देवाराम पूरे मामले की जांच कर रहे हैं।

वृद्ध सड़क हादसे में घायल, जोधपुर रेफर

पाली, (नि.सं.)। पाली में एक वृद्ध को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में सिर पर गंभीर चोट लगने पर वृद्ध को जोधपुर रेफर किया गया। पाली जिले के कुरना गांव निवासी 56 वर्षीय सोनाराम पुत्र हीरालाल शनिवार शाम को का गांव से कुरना गांव आ रहे थे। इस दौरान कुरना और कानेलाव गांव के बीच अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक से नीचे गिरने से उनके सिर में गंभीर चोट लगी और वे सड़क पर बेहोशी की हालत में गिर गए। उधर से गुजर रहे वाहन चालकों की सूचना पर 108 मौके पर पहुंची और घायल वृद्ध को शनिवार देर शाम को इलाज के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया। जहा प्राथमिक उपचार के बाद वृद्ध को रात को जोधपुर रेफर किया गया। घटना की जानकारी मिलने पर वृद्ध के परिजन भी बांगड़ हॉस्पिटल पहुंचे।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता एवं परियोजना प्रंबधक वाटरषेड सेल कम डाटा सेन्टर जिला परिषद जालोर

क्रमांक: एफ( )/पीएमकेएसवाई -2.0/2024-25/1841 दिनांक: 14/02/2025

निविदा संशोधन आदेश 28-30/2024-25

इस कार्यालय द्वारा ई -निविदा सूचना संख्या 28-30/2024-25 पंत्राक 1727 दिनांक 28.01.2025 के द्वारा जारी की गई थी । उक्त ब्लॉक जसवन्तपुरा की निविदा 28/2024-25 tender id 2025_WDSC_445526_1 के दस्तावेज के अनुसार निर्धारित तिथि 13.02.25 को दोपहर 3:00 बजे थी जो की तकनीकी त्रुटि के कारण 13.03.25 हो गई थी । अत: उक्त निविदा के अन्तिम तिथि 24.02.2025 को दोपहर 3:00 बजे तथा निविदा खोलने की तिथि 24.02.2025 को सांय 5:00 बजे निर्धारित की जाती है । उक्त निविदा के tender id 2025_WDSC_445526_2 पढा जाये ।

शेष शर्ते यथावत रहेगी ।

(लक्ष्मण सिंह सांदु)
अधीक्षण अभियन्ता एवं परियोजना
पंबधक वाटरषेड सेल कम डाटा
सेन्टर जिला परिषद जालोर

जालोर महोत्सव के तहत रन फॉर मैराथन दौड़ एवं साइकिल रैली हुई

आहोर, (निसं)। पर्यटन विभाग राजस्थान सरकार जिला प्रशासन जालोर एवं विकास समिति के संयुक्त तत्वाधान में आज जालोर महोत्सव में आहोर में रन फॉर मैराथन दौड़ एवं साइकिल रैली आज प्रात: 9 बजे हुई।

रन फॉर मैराथन दौड़ एवं साइकिल रैली आहोर विधायक छगन सिंह राजपुरोहित, खण्ड समन्वयक एडवोकेट गजेंद्र सिंह मांगलिया, भाजपा मंडल महामंत्री रिखबेश सुथार, सचिव भरत शर्मा, पार्षद भैरूलाल छीपा, पूर्व समन्वयक दुर्गेश सुथार, पूर्व नगर अध्यक्ष अभाविप रमेश कुमार दर्जी,की गरिमामयी उपस्थिति में नगर के चामुंडा चौक स्थित परिसर से शुरू हुई। जिसमें सभी ने उत्साह पूर्वक ड्रेसकोड, के साथ भाग लिया।

कार्यक्रम समन्वयक एडवोकेट गजेंद्र सिंह मांगलिया ने बताया कि कल शाम को एकल नृत्य प्रथम गजेंद्र , द्वितीय तमन्ना, तृतीय डिंपल , समूह नृत्य प्रतियोगिता प्रथम हेतल एंड समूह, द्वितीय शकीरा एंड समीरा समूह,तृतीय गुरुदेव एंड समूह , फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता बालक वर्ग प्रथम नवीन माली, द्वितीय खुशाल सिंह,तृतीय नकुल सिंह , बालिका वर्ग में प्रथम स्थान आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक आहोर की बहिन वैभव्या सिंह , द्वितीय रिद्धि सुथार, तृतीय परि , बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में प्रथम मेहुल राज चारण, द्वितीय सवाई चावडा, तृतीय भीमराज सैन रहे।

रात्रि में उडीसा के विश्व प्रसिद्ध लोकनृत्य का आयोजन होने पर महोत्सव में भीड उमड पडी। आज हुई प्रतियोगिता महोत्सव खेलखुद प्रभारी महिपाल सिंह करणोत, समेत शारीरिक शिक्षकों के नेतृत्व में रन फॉर आहोर, साईकिल रैस , शारीरिक प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ जिसमें रन फॉर आहोर में प्रथम महावीर चौधरी नोसरा, द्वितीय वैराराम देवासी,तृतीय भंवरलाल, 1०० मीटर दौड बालक में प्रथम चंदन , द्वितीय महावीर सैन ,तृतीय मन्नाराम ने, 1०० मीटर दौड बालिका वर्ग में प्रथम पुरण कुमारी, द्वितीय दीपिका राजपुरोहित, तृतीय मनीषा कंवर, शतरंज प्रतियोगिता में प्रथम ध्रुव कुटल , द्वितीय ईशान दवे,तृतीय चेतना वैष्णव, ने प्राप्त किया।

प्रतियोगिता के आयोजन में समिति महोत्सव के पदाधिकारी एवं कार्यकर्त्ता दिन-रात अथक मेहनत कर कार्य म संचालन में अपनी महत्ती प्रभावी भूमिका को निर्वहन कर रहे हैं । रात्रि में आकर्षक लाइट शॉपिंग स्टॉल झूले आदि आकर्षण के केंद्र होने के कारण नगर की भारी भीड देखने के लिए उमड पड रही है। मेगा ट्रेड फेयर मेले में भव्य आकर्षक झूले एवं लघु कुटीर उद्योग एवं अन्य स्टॉलों की प्रदर्शनी जन समुदाय को लुभा रही हैं।

इस अवसर पर पूर्व समन्वयक विक्रम सिंह करणोत , गिरिराज सिंह चारण , यशवंत रावल, राजेंद्र राव, भरत राव,राहुल सिंह राजपुरोहित, एडवोकेट प्रवीण गर्ग , मनोज प्रजापत, किशोर चौधरी खारा, प्रवीण माली भैंसवाडा, भवानी सिंह नाथावत , हिम्मताराम मेघवाल, नगर मंत्री अभाविप चिराग चौहान, अशोक मेघवाल, कल्पेश राव, महेंद्र रांकावत, मदन सुथार, अंजू सिरवी, प्रकाश राजपुरोहित, हितेश शर्मा, आदि महोत्सव के पदाधिकारी व ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

रन फॉर सायला में उत्साह से दौड़े लोग

सायला, (निसं)। उपखण्ड मुख्यालय पर जालोर महोत्सव 2025 के तहत दो दिवसीय जलसों सायला रो के अन्तर्गत रविवार को रन फॉर सायला का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के हर आयु वर्ग के लोगो ने उत्साह के साथ दौड लगाई।

रन फॉर सायला को खेल मैदान से उपखण्ड अधिकारी सूरजभान बिश्नोई ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। दौड में अग्रिम पंक्ति में बालिकाएं व विद्यार्थी थे। जबकि इसके बाद जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं शहरवासी थे। जो खेल मैदान से रवाना होकर शान्तिपुरा, पुराना बस स्टेण्ड, पोस्ट ऑफिस रोड होती हुई कात्यायनी माता मन्दिर पहुंची। दोपहर में पंचायत समिति में रंगोली, मेंहदी, म्यूजिकल चेयर सहित विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित की गई। इससे पूर्व खेल मैदान में योग कार्य म का आयोजन हुआ। जिसमे योग प्रशिक्षक अमरसिंह दहिया ने विभिन्न प्रकार के योगासन करवाते हुए जानकारी प्रदान की। इस दौरान तहसीलदार लक्ष्मी चौधरी, विकास अधिकारी गौरव विश्नोई, सीबीईओ भंवरलाल परमार,उपखंड समन्वयक मांगीलाल राजपुरोहित, सह समन्वयक वि मसिंह दहिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष नैनमल लखारा, पूर्व प्रधान रामप्रकाश चौधरी, सुरेश राजपुरोहित, उदयसिंह चौहान, भामाशाह जामताराम माली, नेहरूभाई सुथार सहित बडी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

महोत्सव के तहत शनिवार रात्रि को सांस्कृतिक संध्या का आयोजन हुआ। जिसमें क्षेत्रभर से स्कूली विद्यार्थियों एवं कलाकारों ने राजस्थानी संस्कृति से ओतप्रोत गीतों पर रंगारंग कार्य म की प्रस्तुतियां दी। सांस्कृतिक संध्या की शुरुआत उर्वशी सुथार ने गणेश वन्दना से की। इसके बाद धन्नाराम ने एकल नृत्य बालक बनडी, हितेंद्रसिंह व युवराज ने प्यारो राजस्थान की प्रस्तुति देकर वाहवाही बटोरी। स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों ने कालबेलिया नृत्य की प्रस्तुति देकर सभी दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया।

भीनमाल में बच्चे व बुजुर्ग भी दौड़े

भीनमाल, (निसं)। राजस्थान पर्यटन विभाग, जिला प्रशासन, जालोर विकास समिति के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित जालोर महोत्सव के तहत रविवार को रन फॉर भीनमाल का आयोजन किया गया।

स्थानीय माघ चौक से तहसीलदार अश्विन मालू, नायब तहसीलदार मीठालाल जोशी, अधिशाषी अधिकारी तेजराज भंडारी, विकास अधिकारी राजकुमार, महोत्सव समन्वयक पंकज माली, प्रभारी जबराराम भाटी, मीडिया प्रभारी माणकमल भंडारी व मीठालाल जागिंड ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह दौड स्थानीय माघ चौक से उप खंड कार्यालय, खारी रोड, विवेकानंद सर्किल, रानीवाडा रोड, करडा सर्किल होते हुए शिवराज स्टेडियम पंहुची। सभी धावक सफेद टी शर्ट एवं सफेद टोपी में आकर्षक लग रहे थे। मानो सडक पर सफेद पौशाक की लहर दौड रही हो। सडक के दोनों किनारों पर नागरिक दौड रहे धावकों को देख कर हाथ हिला कर इनका अभिवादन कर रहे थे। स्टेडियम पंहुचने पर सभी धावकों के लिए पारस मोदी की अगुवाई में खाद्य व्यापार संघ द्वारा गर्म दूध एवं बिस्कुट की व्यवस्था रखी गई थी। शिवराज स्टेडियम में वरिष्ठ नागरिकों की दौड आयोजित की गई। इस दौड में 73 वर्षीय नागरिक कल्याण मंच के अध्यक्ष माणकमल भंडारी को प्रथम स्थान पर विजेता के लिए घोषित किया गया।

रन फॉर भीनमाल दौड में रमेश फौजी प्रथम स्थान पर रहे। द्वितीय स्थान पर भूपेन्द्र चौधरी, तृतीय स्थान होथीराम चौधरी रहे। इसी तरह गर्ल्स दौड में पूजा कुमारी प्रथम स्थान पर रही। द्वितीय स्थान पर ममता कुमारी व तृतीय स्थान पर गायत्री कंवर राव रही। बालिका दौड में विमला चौधरी प्रथम स्थान पर, पूजा चौधरी द्वितीय स्थान पर तथा विरमा राजपुत तृतीय स्थान पर रही। इसी प्रकार बालक दौड में शाहरुख खान प्रथम स्थान पर, आरिफ द्वितीय स्थान पर तथा सुनिल विश्नोई तृतीय स्थान पर रहे। इसी क्रम में 4० वर्ष से उपर कृष्ण कुमार राणा प्रथम स्थान पर, लक्ष्मण द्वितीय स्थान पर तथा अरविन्द कुमार विश्नोई तृतीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार गुमान सिंह प्रथम, राजेंद्र कुमार द्वितीय एवं चेतराम तृतीय स्थान पर रहे। शिवराज स्टेडियम में रस्साकशी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें वाराहश्याम टीम व माघ स्पोर्ट्स के नागरिकों के बीच रोचक मुकाबला हुआ। प्रतियोगिता के तहत माघ स्पोर्ट्स के नागरिकों ने वाराहश्याम टीम को हराकर जीत हासिल की। इस दौरान समारोह में समन्वयक पंकज माली, जबराराम भाटी, खाद्य व्यापार संघ के अध्यक्ष पारस मोदी, संदीप देसाई, मुकेश सोलंकी, शिवा, खुमाराम, घेवरचंद घांची, किशोर माली, जीवन बंजारा, गोपाल जीनगर, नेमीलाल जीनगर, अशोक दिवाकर, रघुनाथ विश्नोई, नन्दकिशोर वैष्णव, सतीश सैन, छोटीकुमारी, चेतराम, दलाराम चौधरी, गुमानसिंह गुन्दाऊ सहित कई लोग मौजूद रहे।

पीड़ित को दो करोड़ पच्चीस लाख से ज्यादा का अवार्ड पारित

भीनमाल, (निसं)। मोटर दुर्घटना दवा अधिकरण सांचौर के न्यायधीश ललित पुरोहित की अदालत ने मोटर दुर्घटना क्लेम में निर्णय आदेश देते हुए पीड़ित पक्षकारों को दो करोड़ पच्चीस लाख से ज्यादा का अवार्ड पारित किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2021 में जुलाई माह की तेरह तारीख को दोपहर के वक्त डॉक्टर कमलेश कुमार माली करोना ड्यूटी के लिए केसुरी से सांचौर जा रहे थे।

इस दौरान रास्ते में तेज ओर लापरवाही से महिंद्रा बोलेरो को चलता हुआ उनका चालक नारायण राम ने डॉक्टर कमलेश माली के स्कूटर को टक्कर मार दी।

इस दुर्घटना में डॉक्टर कमलेश को गंभीर चोट लगी और उनकी मृत्यु हो गई। जिस पर पुलिस थाना सांचौर में मुकदमा संख्या 306 /21 दर्ज कर बाद अनुसंधान के चालक नारायण राम के विरुद्ध सांचौर की एसीजेएम कोर्ट में चालान पेश किया गया। मृतक डॉ.कमलेश की परिजनों की ओर से अधिवक्ता अजमत अली सैय्यद ने भीनमाल में मोटर दुर्घटना दावा एडीजे कोर्ट में पेश किया।

बाद में एडीजे कोर्ट के सांचौर में स्थापित होने पर उक्त दुर्घटना क्लेम दावा ट्रांसफर हो कर सांचौर मोटर दुर्घटना दवा अधिकरण में सुनवाई हुई।

वहां पर भी अधिवक्ता सैय्यद ने मामले में पैरवी की और तमाम गवाह ओर सबूत के आधार पर सांचौर के न्यायधीश ललित पुरोहित ने कुल दो करोड़ पच्चीस लाख से अधिक का क्लेम मुआवजा पीड़ित पक्षकारों को दिलाने का आदेश पारित किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त क्लेम आदेश जालोर जिले का आज दिन तक का सबसे ज्यादा क्लेम मुआवजा देने का रिकॉर्ड बन गया।

विद्यालय सहायकों ने मांगें बताई

जालोर, (कासं)। विद्यालय सहायको एवं पंचायत शिक्षकों ने नियमितीकरण को लेकर मंत्री जोगेश्वर गर्ग व सांसद लुम्बाराम चौधरी को ज्ञापन सौपा।

जालोर जिले के विद्यालय सहायको एवं पंचायत शिक्षको ने प्रदेशाध्यक्ष प्रवीणकुमार जसापुर व जिलाध्यक्ष अमरदास वैष्णव के नेतृत्व मे नियमितीकरण को लेकर जोगेश्वर गर्ग मुख्य सचेतक राजस्थान विधान सभा व लुम्बाराम चौधरी सांसद जालोर सिरोही को ज्ञापन सौंपा।

संघ मीडिया प्रभारी पूरणसिंह काबावत आकोली ने बताया मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग को सौपे ज्ञापन मे विधालय सहायको व पंचायत शिक्षको को नियमितीकरण करने के लिए आईएस पेटन में छुट एक वर्ष 25,26 तक बढाने विधालय सहायको कि लाइब्रेरियन डिग्रियां आदी अन्य डिग्रियाँ जोडकर पंचायत शिक्षक के समकक्ष लाने कि आदि मांगे रखी एवंम प्रदेशाध्यक्ष प्रवीण ने कहां कि 27 हजार विधालय सहायको को 2017 मे वसुन्धरा राजे की सरकार ने लगाया था लेकिन 2018 में आपकी सरकार नही बनने से हम स्थाई नही हो सके अत:आप मुख्यमन्त्री से आईएस पेटन मे एक साल की छुट दिलवाऐ ताकी हमारा नियमितीकरण हो एवं हमारे भाई विधालय सहायक 765० जो अनट्रेड साथी है जो पंचायत शिक्षक नही बन सके उनकी लाइब्रेरियन डिग्रियाँ जोडकर पंचायत शिक्षक केडर में शामिल किया जाऐ ताकी हमारे 76०० विधालय सहायक भाईयो का भला हो सके जिलाध्यक्ष अमरदास वैष्णव ने मंत्री महोदय से कहां कि हम सब पंचायत शिक्षक/ विधालय सहायक आपके कार्यकर्त्ता आपके लिए हमने भरसक प्रयत्न किया है। जोगेश्वर गर्ग मुख्य सचेतक ने पूर्ण विश्वास दिया कि नियमितीकरण व डिग्रिया जोडने का काम जरूर करवाऐगे।

सांसद लुम्बाराम चौधरी ने कहा मैने तो पंचायत शिक्षको/विधालय सहायकों के नियमितीकरण के लिए तो मुख्यमंत्री भजनलाल सिर्फ मैं पत्र लिख चुका हूं।

इस अवसर पर सायला ब्लॉक अध्यक्ष पिन्टुसिंह ऊनडी,जालोर ब्लॉक अध्यक्ष कैलाश कुमार गर्ग, कौषाधयक्ष अचलाराम मेघवाल, प्रदेश मीडिया प्रभारी पूरणसिंह काबावत, प्रदेश प्रतिनिधि मालमसिंह देलदरी, महेन्द्र सिह, नारणावास रूपसिंह धवला, जेटू सिंह मोरूआ, राधादेवी बाकरा, तिलोक चन्द मुडतरा, देवाराम परमार, जवाराम, राजाराम थुर,अनाराम मेघवाल हाकिम खां, हरीश कुमार बागरा, चतरसिंह आकोली,युसुफ खान सहित कई जने मौजूद थे।

छोटे व्यापारी भी मालगाड़ी से भेज सकेंगे सामान

जोधपुर, (कासं) । रेलवे ने छोटे एवं मझौले व्यापारियों के हित में मालगाड़ी से सामान भेजने की अपनी नीतियों में बदलाव किए हैं।

कम मात्रा एवं वजन का सामान अभी तक व्यापारी रेलवे के पार्सल वैन के द्वारा ही भेज सकते थे। मालगाड़ी डिब्बो से भेजने के लिए पूरी गाड़ी को किराए पर लेना होता था।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार रेलवे बोर्ड ने माल लदान की अपनी नीति में बदलाव किए हैं। अब सीमेंट, कोयला, खाद्यान्नों इत्यादि बड़े मदों के साथ-साथ अन्य सामान जैसे दवाइयां,दुग्ध उत्पाद, मसाले, कपड़े, बिजली के उपकरण इत्यादि छोटे मद भी बीसीएन (बोगी कवर्ड वैगन) मालगाड़ी में लदान कर परिवहन किए जा सकेंगे। इससे छोटे व्यापारियों को लाभ होगा एवं रेलवे को राजस्व प्राप्ति के लिए नया स्त्रोत मिलेगा।

इसके लिए परिवहन किए जाने वाले सामानों की सूची निर्धारित की गई है। इन मदों का माल भाड़ा मालगाड़ी में भी पार्सल वैन की तरह पार्सल दरों पर ही निर्धारित किया गया है।

व्यापारी को एक वैगन मे कम से कम न्यूनतम वजन 14 टन या वास्तविक वजन का शुल्क लिया जायेगा। इस तरह बुक किए गए सामानों में मालगाड़ी के डिब्बो की संख्या भी 42 के स्थान पर न्यूनतम संख्या भी 30 निर्धारित की गई है।

साथ ही साधारण मालगाड़ी में भी जगह होने पर इस तरह के सामान लदे हुए वैगन जोड़े जा सकेंगे। रेलवे बोर्ड ने यह आदेश 1 वर्ष के लिए जारी किए हैं तथा इसकी समीक्षा कर इसे आगे भी जारी रखा जायेगा।

गृह राज्य मंत्री जवाहर बेढ़म ने कानून व्यवस्था की समीक्षा की

जालोर, (कासं)। राज्य के गृह राज्य मंत्री जवाहरसिंह बेढ़म की अध्यक्षता में रविवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिले की कानून व्यवस्था के संबंध में समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में राज्य के गृह, गोपालन, पशुपालन एवं डेयरी, मत्स्य विभाग के राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने कहा कि जिले में पुलिस द्वारा अपराधियों के विरूद्ध त्वरित कार्यवाही करते हुए राज्य सरकार की मंशा अनुरूप अपराधमुक्त राजस्थान की दिशा में सुधारात्मक प्रयास किए जाने की बात कहीं, जिससे आमजन में सकारात्मक संदेश जाने के साथ ही आपराधिक गतिविधियों में कमी आ सकें। समीक्षा बैठक में उन्होंने एनडीपीएस एक्ट, सशस्त्र अधिनियम, ईसी एक्ट, आईटी एक्ट के तहत हुई कार्यवाहियों के संबंध में जानकारी लेते हुए मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी रोकथाम के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में अवैध बजरी खनन के विरूद्ध पुलिस, खनन व राजस्व विभाग को आपसी समन्वय के साथ प्रभावी रोकथाम की कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने महिला अत्याचार एवं हीनियस क्राइम की घटनाओं में त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुए इन अपराधों की रोकथाम के संबंध में पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग एवं सांसद लुम्बाराम चौधरी ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को लंबित प्रकरणों के जल्द निस्तारण की बात कही।

जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द्र यादव ने जिले में कानून व्यवस्था, पुलिस विभाग के संगठनात्मक ढांचे एवं विगत वर्षों की प्रगति पर विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे, पूर्व विधायक शंकरसिंह राजपुरोहित, अमृता मेघवाल, जसराज राजपुरोहित, नाहरसिंह जोधा, अतिरिक्त जिला कलक्टर जालोर राजेश मेवाड़ा, अतिरिक्त जिला कलक्टर सांचौर दौलतराम चौधरी, सहायक पुलिस अधीक्षक कंबले शरण गोपीनाथ, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जालोर मोटाराम गोदारा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सांचौर आवड़दान चारण सहित कई जने उपस्थित रहे।

पुस्तक का लोकार्पण आज

जोधपुर, (कासं) । कवयित्री नीलम व्यास स्वयंसिद्धा की कृति- "सुरमई सांझ स्वप्निल सवेरा" का लोकार्पण 17 फरवरी को काव्य कलश संस्थान के कार्यालय में होगा। सचिव श्याम गुप्ता शान्त ने जानकारी दी।